Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

➤ सिरोही में पंचायत समिति रेवदर का कनिष्ठ तकनीकी सहायक 80 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर,दिनांक 17 फरवरी 2026, मंगलवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), जयपुर की विशेष अनुसंधान इकाई द्वारा ट्रैप कार्रवाई करते हुए **दिनेश कुमार वैष्णव, हाल पदस्थापन कनिष्ठ तकनीकी सहायक (संविदाकर्मी), पंचायत समिति रेवदर, जिला सिरोही** को परिवादी से **80,000/- रुपये** की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि परिवादी द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि उनकी ग्राम पंचायत में 10 कैटल शेड निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति जारी करने की एवज में आरोपी दिनेश कुमार वैष्णव द्वारा प्रति कैटल शेड 10,000/- रुपये की दर से कुल 1,00,000/- रुपये की रिश्वत राशि की मांग की जा रही है।शिकायत का सत्यापन दिनांक 11.02.2026 को किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा तकनीकी स्वीकृति जारी करने की एवज में प्रति कैटल शेड 8,000/- रुपये की दर से कुल 80,000/- रुपये रिश्वत राशि मांगना पाया गया।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक श्री अनिल कयाल** के सुपरविजन में एसीबी की विशेष अनुसंधान इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सारस्वत** के नेतृत्व में सत्यापन उपरांत ट्रैप की कार्रवाई करते हुए आज आरोपी दिनेश कुमार वैष्णव को परिवादी से 80,000/- रुपये की रिश्वत राशि प्राप्त करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन एवं **महानिरीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा अग्रिम कार्रवाई जा रही है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा ।